हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

जन्मदिन उत्सव

अब हर माह आप बनेंगे

भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार

1 तोला, 5 नग

सोने का हार

द्वितीय पुरस्कार

1 स्कूटी (EV)

तृतीय पुरस्कार

2 नग

रेफ्रीजरेटर

चतुर्थ पुरस्कार

3 नग

LED TV

सांत्वना पुरस्कार

1100

नियम व शर्तें लागू

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

खबर संक्षेप

कलेक्टर ने मकरसंक्रांति पर्व के अवसर पर माहिष्मती घाट और संगमघाट का अवलोकन किया

मण्डला। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने मंगलवार को मकरसंक्रांति पर्व के अवसर पर नर्मदा नदी के माहिष्मती घाट और नर्मदा व बंजर नदी के संगम घाट में श्रद्धालुओं के स्नान के संबंध में की गई तैयारियाँ और सुरक्षा प्रबंध सहित संपूर्ण व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। मकरसंक्राति पर्व के अवसर पर जिले के श्रद्धालु श्रद्धापूर्वक नर्मदा नदी के घाटों में स्नान कर रहे हैं। जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षा, बेरीकेट, पार्किंग, चिकित्सा, सहायता केन्द्र, स्नान करने वाले के लिए समुचित प्रबंध किया गया है। मकरसंक्रांति पर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं ने नर्मदा नदी में स्नान कर पुण्य लाभ कमाया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने श्रद्धालुओं के लिए की गई तैयारियों के संबंध में नर्मदा नदी के घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि सुरक्षात्मक रूप से स्नान करें। सभी श्रद्धालु अपने वस्तुओं और सामग्रियों की सुरक्षा करें व निगरानी रखें, छोटे बच्चों को अकेला न छोड़ें। स्नान करने के लिए नदी की गहराई में न जाएं। जिला प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का सभी श्रद्धालु अनिवार्य रूप से पालन करें। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानंद नाफड़े सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

ग्रामीण क्षेत्रो में निर्धारित समय पर खोली जाए उचित मूल्य की दुकानें

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शासन द्वारा गरीबों के हितों का ध्यान रखते हुए उन्हें सस्ता राशन उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे सार्वजानिक वितरण प्रणाली के तहत संचालित सस्ते राशन की दुकानों से हालाँकि सरकार की मंशानुरूप गेहू, कैरोसिन, चॉवल और शक्कर का वितरण किया जा रहा है। वही सरकार के आदेश अनुसार कुछ महिनों तक पर्ची धारकों के लिये निःशुल्क राशन भी वितरण किया जा रहा है। किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में नीले, पीले कार्डधारियों की शिकायत है कि उचित मूल्य की कई दुकानें ऐसी है जो समय के साथ निश्चत तिथि पर नही खुलने के कारण लोगो का समय व्यर्थ बर्बाद हो रहा है, इस बात की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में देखने मिल रही है, जहां पर विगत लम्बे समय से लोगों को अनाज नही मिल पाया है? बताया जाता है जिस सहकारी दुकान से चार पांच गांव जुड़े है और विलम्ब से उसके खुलने की स्थिति मे वहॉ उपभोक्ताओं की भीड़ जुट जाती है और महिलाओं को खासकर इन दुकानो से सामान लेने मे परेशान होना पड़ता है? ज्ञातव्य है कि आने वाले और तेज ठंड के मौसम का ध्यान रखते हुए सहकारी दुकानों से गरीबों, अतिगरीबो राशन कार्ड धारियों को खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा, लिहाजा जरूरी है कि ग्रामीण क्षेत्रों की सहकारी दुकाने निर्धारित समय पर खुलें ताकि नागरिको को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े।

ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने ट्रेक पार कर यात्री

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शहर के रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री सुविधाएँ मॉगने के हकदार है। किन्तु जान जोखिम में डाल उनका ट्रेनो में सफर करने को आतुर रहना उचित नही कहा जा सकता। गौरतलब है कि इन दिनों चुनावी महौल के कारण रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेटफार्मो पर रेलयात्री बच्चो, युवाओं, महिलाओं की काफी भीडभाड़ का आलम रहता है, इस दौरान जब भी कोई ट्रेन रूकती है।

कार्यालय का रोजाना चक्कर कट रहा बुजुर्ग बसंत कुमार सोनी

पैसे नहीं मिलने से परेशान हैं बुजुर्ग

*** सहकारी केन्द्रीय बैंक के रिटायर्ड कर्मचारी है बुजुर्ग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

एक शासकीय कर्मचारी जीवन भर काम करके अपने परिवार से छुपाकर वेतन से थोड़ा-थोड़ा पैसा बचाकर जमा करता है कि वह उसके बुरे वक्त में काम आएगा लेकिन जब वही जमा पूंजी और बुढ़ापे का सहारा ही डूबता दिखाई दे तो उस पर क्या बीतेगी इसकी बानगी आज हम आपको दिखाते है तस्वीरो में दिख रहे बुजुर्ग बसंत सोनी है जो कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में काम करते थे इन्होने अपने परिवार से छुपाकर अपने वेतन का थोड़ा-थोड़ा पैसा एक अल्प बचत सहकारी साख समिति में जमा कराया था ये वो अल्प बचत साख सहकारी समिति है जहां पर बिजली विभाग, भूमि विकास बैंक, सहायक आयुक्त सहकारिता और जिला सहकारी बैंक सहित कई और विभाग के कर्मचारी अपने रिटायरमेंट और बुढ़ापे के लिए पैसा जोड़ा करते थे जहां इन्ही लोगो को लोन और इनकी जमा हुई राशि आसानी से मिल जाएगी लोगो ने फिक्सडिपोजिट तक करा रखा था कि बुरे वक्त में काम आएगा ब्याज और जमा रकम से हमारा बुढ़ापा आसानी से कट जाएगा लेकिन आज यहां सीधे इसके उलट है अब यही लोग रिटायरमेंट के बाद लोग ब्याज तो छोड़िए अपना ही पैसा पाने के लिए अल्प बचत के चक्कर काटने को मजबूर है।

आवेदक बसंत कुमार सोनी ने कलेक्टर और एसपी से शिकायत की, उन्होंने अपने शिकायत में बताया कि आवेदक जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मंडला के अधीनस्थ बैंक शाखा में कार्यरत रहा है, जो कि सेवा निवृत हो चुका है, एवं 1 आवेदक के कार्यकाल के दौरान बैंक में कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा केंद्रीय बैंक कर्मचारी अल्पबचत शाख सहकारी समिति मर्यादित मंडला पं.क्रं.-10 का गठन किया गया है जिसमें समिति के सदस्यों के द्वारा राशियाँ जमा की जाती रही हैं उक्त समिति में जमा की गई है, तथा उक्त समिति का खाता कृषि मंदी शाखा मंडला अथवा अन्य शाखा में खोला जाकर राशियाँ समिति की ओर से जमा की जाती रही है।

आवेदक के द्वारा पूर्व में 5-5 लाख प्रतिबंधित डिपोजिट रसीद में जमा किये गए हैं, तथा उक्त जमा राशि पर प्राप्त मासिक ब्याज जो कि आवेदक को जारी सदस्य डिपोजिट खाता पासबुक का खाता क्रमांक 56, जो कि प्र.क्रं.- 297 पर संधारित किया जाता है, पर मासिक ब्याज की राशि आने पर आवेदक अपना तथा परिवार में आश्रित सदस्यों का किसी तरह से भरण-पोषण करता है किन्तु अक्टूबर-2023 से आवेदक को ब्याज मिलना बंद हो गया है जिसकी जानकारी आवेदक के द्वारा लिए जाने पर किसी प्रकार से कोई भी युक्तियुक्त जानकारी प्रदाय नहीं की जा रही है, एवं उक्त समिति सदस्य जो कि अपने अधीनस्थ बैंक में ही बैठते हैं, वे भी नदारद हैं जो कि संदेहास्पद है।

आवेदक के द्वारा उक्त समिति में प्रतिबंधित डिपोजिट रसीद खाता क्रमांक-642 में दिनांक 10.07.2023 को 5 लाख रुपये, एवं खाता क्रमांक - 642 में दिनांक 10.07.2023 को 5 लाख रुपये, एवं 5 लाख रुपये खाता क्रमांक - 353 दिनांक 17.07.2023, इस तरह से 15 लाख रुपये जमा किये गए हैं जिसकी परिपक्वता अवधि 10.07.2025 निर्धारित है।

उक्त समिति से सम्बंधित किसी भी प्रकार की जानकारी प्राप्त नहीं हो पा रही है जो कि संपूर्ण परिस्थितियों को संदिग्ध बनाती है।

अतः निवेदन है कि उक्त समिति से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी लेख जोखा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मंडला के अधीनस्थ है, आवेदक के खाते में जमा सम्पूर्ण सावधि खाता मय ब्याज की राशियाँ शीघ्र दिलाये जाने की दया करें, ताकि आवेदक अपना समुचित इलाज करा सके, क्यों कि आवेदक का स्वास्थ्य अत्यंत खराब होता जा रहा है, इस जमा की गई राशि का भुगतान ना होने के कारण आवेदक का मानसिक संतुलन भी बिगड़ गया है अधिकतम समय घबराहट की स्थिति में रहता है और बेहोशी की हालत तक पहुँच जाता है तथा वह अपने आश्रितजन की जीविकोपार्जन, शिक्षा दीक्षा एवं अन्य दायित्व को पूर्ण कर सके, अन्यथा आवेदक को विवश होकर न्यायालय की शरण में जाकर अपने हितों की रक्षा करने हेतु मजबूर होना पड़ेगा।

इनका कहना:-

अल्प बचत समिति कर्मचारियों की समिति रहती है, जिसमें सहकारिता संबंधी जितने भी विभाग हैं इसमें सदस्य बनते हैं, और वहां आवश्यकता अनुसार लोन एवं जमा की गई राशि लेते थे, लगभग ये पैसा करोड़ों का है, जिसकी सहकारिता विभाग से जांच चल रही है, इस मामले को कलेक्टर ने भी संज्ञान लिया है, जांच रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

-एन.के. कोरी, महाप्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

बसंत कुमार सोनी ने लिखित शिकायत की है, अल्प बचत समिति में उन्होंने पैसा जमा किया, जिसका ब्याज उनको मिल रहा था, कुछ माह से उनको न तो ब्याज दिया जा रहा है और न ही पैसे, मामले की जांच पड़ताल कर पीड़ित बसंत कुमार को न्याय दिलाया जाएगा।

-रजत सकलेचा, पुलिस अधीक्षक मंडला

कुंभेश्वर घाट में मकर संक्रांति में हजारों की संख्या में लोगों ने लगाई डुबकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत कुमां में मकर संक्रांति के उपलक्ष में, मां नर्मदा के तट पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया गया मकर संक्रांति दिन मंगलवार को हजारों की संख्या में लोगों ने डुबकी लगाई एवं पूनय लाभ लिए इस घाट में कई जगह से लोग यहां मकर संक्रांति में स्नान करने के लिए आते हैं जिसमें बीजाडांडी कालपी पिपरिया बाबलिया आसपास क्षेत्र से लोग यहां पर मकर संक्रांति में मेले में शामिल होकर स्नान कर पूर्ण लाभ अर्जित करते हैं यहां पर घाट ना होने के कारण लोगों को स्नान करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है लगातार शासन प्रशासन को इस और ध्यान अवगत कराया परंतु अभी तक इस नर्मदा नदी के तट पर घाट न होने से लोगों को स्नान करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है इस मेले में ग्राम पंचायत द्वारा व्यवस्था की गई थी एवं पुलिस प्रशासन और वन विभाग द्वारा कर्मचारियों को तैनात किया गया चप्पे चपे में पुलिस का पहरा एवं पुलिस की सानिध्य में मेले का आयोजन संपन्न हो गया Catch पंचायत कुमां के सरपंच अखिलेश मरावी सचिव दीपचंद साहू एवं टी आई गोपाल घोसले एवं समस्त स्टाफ के सहयोग सराहनी रहा।

रेवा पथ में बेटी बचाव-बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ

मण्डला। प्रशासक वन स्टॉप सेंटर ने बताया कि मंगलवार को रेवा पथ में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अंतर्गत जागरूकता फैलाने हेतु संपर्क कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत प्रशासक वन स्टॉप सेंटर मधुलिका उपाध्याय द्वारा 181 महिला हेल्पलाईन, डायल 100 सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाईन, साइबर सुरक्षा हेल्पलाईन 1930 के बारे में बताया बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ एवं शी बॉक्स पोर्टल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। किशोरी बालिकाओं के स्वास्थ्य की देख भाल, मासिक धर्म के समय स्वच्छता और विशेष स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया गया। साथ ही वन स्टॉप सेंटर में दी जाने वाली सहायताओं के बारे में बताया।

नांदनेर में यात्री प्रतीक्षालय न होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज/नांदनेर। जहां एक ओर सरकार द्वारा गांव गांव अपनी जनराशि करते हुए विकास कार्य कराये जा रहे है, मगर कहा जाता है कि वह विकाय का कार्य सही कहलाता है जिसकी लोगों को उपयोगता होती है और यदि वही विकास कार्य नही होता है तो संपूर्ण विकास कार्यो पर प्रश्न चिन्हें लग जाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय ग्राम पंचायत नांदनेर में देखने मिल रही है, जहां पर बताया जाता है कि हायर सेकेण्डरी स्कूल होने के साथ साथ सेवा सहकारी समिति सहित अन्य सुविधाएं तो गांव में उपलब्ध है, मगर यहां पर यात्री प्रतिक्षालय नही होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, क्योंकि ग्राम नांदनेर गाडरवारा पिपरिया मुख्य मार्ग पर स्थिति होने के कारण यहां से सभी प्रकार के वाहनों का निकलना होता है, वही यहां पर अपनी यात्रा करने के लिए इस मार्ग से चलने वाली बसों को पकड़ने के लिए प्रतिदिन आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम झांझनखेड़ा, मिढ़वानी, देवरी, दहलवाड़ा, छोटी बनखेड़ी सहित अन्य गांवों के लोगों का आना जाना भी रहता है, मगर यात्री प्रतीक्षालय न होने से उन्हे जहां बारिश के दिनों में गिरते हुये पानी तो गर्मी के दिनों में तेज तपती हुई धूप में खड़े होकर बसो का इंतजार करने मजबूर होना पड़ता है वही चाय पान दुकानों का सहारा लेने के लिए मजबूर होना पड़ता है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो सबसे अधिक परेशानी का सामना तो महिला यात्रियों के साथ मरीजों को करना पड़ती है, क्योंकि बैठने की व्यवस्था नही होने से जहां बसों के इंतजार में मरीजों को काफी समय तक खडे रहना पड़ता है, वही सड़क किनारे खड़े होने से महिलायात्रियों को असामाजिक तत्वों के छीटाकशी का शिकार होकर अपमानित होना पड़ता है।

विकास की गति से दौड़ रहे क्षेत्र में क्या घोषणा तक सीमित होकर रह जावेगी

सांईखेड़ा पुलिस थाना क्षेत्र की बम्हौरी कला पुलिस चौकी की स्थापना ..

हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा। प्रदेश से लेकर जिला में ग्रामीण क्षेत्रों की कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिये जहां आये दिन नये नये पुलिस थानों से लेकर पुलिस चौकियों की घोषणा करते हुये वहां पर जिम्मेदार अधिकारियों को बैठाया जा रहा है। मगर हमारे जिले के थानों का दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है यहां पर कुछ सुधार होते हुये दिखाई नही दे रहा है..? कुछ इसी प्रकार का हाल पुलिस चौकियों में भी देखने मिल रहा है। प्रदेश शासन द्वारा नई चौकियों की स्थापना की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो गाडरवारा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कुछ वर्ष पहले दो नई पुलिस चौकी स्थापना की घोषणा होने के बाद जब यह खबर अखबारों में आई हुई थी तो लोगों में इस बात की खुशी थी कि निश्चित तौर से हमारे क्षेत्र की कानून व्यवस्था में सुधार देखने मिलेगा। मगर वह घोषणा आज भी घोषणा तक ही सीमित होते हुये जान पड़ रही है। कुछ वर्ष पहले गाडरवारा तहसील क्षेत्र के लिये नई पुलिस चौकी स्थापित होने की घोषणा के अनुसार बताया जाता है कि डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर तथा सांईखेडा पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम बम्हौरी में नई पुलिस चौकी स्थापित होना थी। इन चौकियों की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो ग्राम कल्याणपुर में नई पुलिस चौकी की स्थापना हो चुकी है मगर भवन वहिन होने के चलते पंचायत के भवन में काम चल रहा है जो अपनी चौकी को खुलने की औपचारिकता पूर्ण कर ली जाती है। यहां पर अभी तक न तो विधिवत रूप से पुलिस चौकी का निर्माण हुआ है और न ही पुलिस लाईन से चौकी प्रभारी के रूप में किसी पुलिस अधिकारी को नियुक्त किया गया है। वही दूसरी ओर इससे गया बीता हाल सांईखेड़ा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाली बम्हौरी कला पुलिस चौकी का देखने मिल रहा है। बताया जाता है कि घोषणा के कुछ दिनों के उपरांत यहां पर पुलिस चौकी स्थापना को लेकर हलचले तो शुरू हुई थी जिसके चलते ग्राम बम्हौरी में चौकी स्थापना को लेकर एक भवन का रंग रोगन करते हुये उसे उसी हाल में छोड़ देने के कारण जहां पुलिस चौकी के नाम से सजे हुये इस भवन में गंदगी का अम्बार देखने मिल रहा है जो सरकार के स्वच्छता अभियान को ग्रहण लगाने से नही चूक रहा है तो दूसरी ओर ग्रामवासियों ने चर्चा के दौरान बताया गया आज तक यहां पर न तो कोई अधिकारी आया है और न ही कोई कर्मचारी सिर्फ पुलिस चौकी के नाम पर एक भवन की पुताई कराते हुये छोड़ दिया गया है? इस सच्चाई को देखते हुये यह अनुमान लगने से नही चूक रहा है कि शासन पुलिस चौकियों की स्थापना की घोषणा मात्र मंच तक ही सीमित होकर रह चुकी है...? हो सकता है कि पुलिस विभाग के कागजों में यह पुलिस चौकिया पूरे नियम से संचालित होने के साथ साथ यहां पर पदस्थ अधिकारी अपने मुख्यालय के कार्यालयों में बैठकर सेलरी प्राप्त कर रहे हो.. खैर सच्चाई जो भी हो उसे तो पुलिस विभाग व भगवान ही जाने? मगर यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जिले के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा निष्ठा के साथ प्रयास किये गये होते तो यह पुलिस चौकी अपने आस्तित्व में आ चुकी होती है और ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ रहे अपराधों में गिराबट देखने मिल सकती थी।

तेज आवाज वाले बाइकर्स के खिलाफ की जा रही कार्यवाही में सालीचौका क्षेत्र से परहेज क्यों

हरिभूमि न्यूज/सालीचौका। शहर से लेकर क्षेत्र की सड़को पर दौड़ने वाले दो पहिया से लेकर चार पहिया वाहनों मे जिस तरह यातायात नियमों को दर किनार करते हुये प्रेशर हार्न का चलन आम नागरिकों के लिये परेशानी का सबब बन रहा है,कान फोडू आवाज वाले इन प्रेशर हार्न से कई बार राह चलते लोग भौचक रह जाते है तथा कभी कभी अपना संतुलन खो देते है,मोटर साईकिल,आटों व अन्य छोटे बड़े वाहनों यहां तक कि ट्रक आदि चार पहिया वाहनों मे इन दिनों तेज आवाज वाले प्रेशर हार्न लगाने का फैशन सा चल पड़ा है। लेकिन प्रेशर हार्न से राह गुजरते लोगों को कई बार दिक्कतों का सामना करना पड़ता है,एक ओर इन प्रेशर हार्नो की वजह से अधिक शोर गुल तो होता ही है। वही कई बार राह चलने वाले इन तेज आवाज वाले हार्न से भौजक रह जाते है और कभी कभार अपना संतुलन भी खो बैठते है। दप्तरों के कर्मचारी भी परेशान-आम नागरिकों के अलावा आफिस दप्तरों मे काम कर रहे कर्मचारी अधिकारी भी इन तेज आवाज के प्रेशर हार्न से विचालित हो जाते है जिसके कारण अनायास ही उनका ध्यान इन प्रेशर हार्न की ओर जाता है जिसके कारण उनके काम पर भी बुरा असर पड़ता है। वही नगर की प्रमुख सड़क के किनारे स्थित शासकीय चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को भी इन हार्नो के चलते परेशानियों से गुजरना पड़ता है। वही स्कूलों में पढ़ने वालें बच्चों की स्थिति तो

और खराब ही रहती है। युवा वर्ग मे अधिक क्रेज-प्रेशर हार्न और स्टाईलिश हार्न का क्रेज युवा वर्ग मे अधिक है जो फर्राटे भरते हुए अपने दो पहिया वाहनों मे तेज आवाज और स्टाईलिश वाहनों का इस्तेमाल करते है। शौकिन युवा वर्ग ऐसे मंहगे प्रेशर हार्न को अपने वाहन मे लगाना अपनी शान समझते है तथा सुबह पांच बजे से ही अपने वाहनों में लगे इन हार्नो को सड़कछाप मंजनुओं की तरह स्कूल व कोचिंग तथा टियूशन जाने वाली छात्राओं के आगे पीछे घूमकर उन्हें परेशान करने लगते है। ट्रको मे भी होते है इस्तेमाल-दो पहिया वाहनों के अलावा लम्बी दूरी के सफर करने वाल ट्रकों मे भी प्रेशर हार्न का प्रयोग किया जा रहा है, प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में कोयला भरकर यहां के स्कूलो, थाना सहित चिकित्सालय के सामने से गुजरते है। इस प्रकार से कुल मिलाकर इन तेज आवाज वाले कानफोडू स्टाईलिश प्रेशर हार्न मे जहां कोलाहल बढ़ रहा है वही आम नागरिकों को कई बार दिक्कतों का सामना भी करना पड़ रहा जिसको लेकर जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में इस समय बडे बडे शहरों में लगातार मुहिम चलाते हुये कार्यवाही की जा रही है। मगर इस कार्यवाही से सालीचौका क्षेत्र से परहेज किया जाना चर्चा का विषय बना हुआ है। क्योंकि इस तरह तेज हार्न वाले वाहनों की मनमानी से सिर्फ बडे शहरों में रहने वाली लोग ही नही बल्कि छोटे कस्बों में निवास करने वाले लोग भी परेशान होने से नही चूक रहे है। क्षेत्र के लोगों द्वारा कान फोडू साईलेंसर तथा तेज हार्न वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जा रही है।



पुण्य काल में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

जिले भर में नर्मदा, खरमेर, बूढनेर, सिवनी, नदियों सहित मंदिरों में सुबह से शाम तक लगा रहा श्रद्धालुओं का तांता

ब्रह्म मुहूर्त, महापुण्य काल में आस्था की डुबकी लगा श्रद्धालुओं ने सूर्य देव को अर्पण किया तिल और जल से अर्घ्य

जिले भर में उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया मकर संक्रांति पर्व, जगह जगह लगे मेला मंडई

डिंडोरी।

प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी जिले भर में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास और श्रद्धापूर्वक मनाया गया, इस अवसर पर जिले में प्रवाहित तमाम नदियों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की जन सैलाब ने शुभ मुहूर्त में आस्था की डुबकी लगाई, स्नान कर सूर्य देव को तिल और जल से अर्घ्य देकर प्रणाम किया।

मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे सूर्य देवता के उत्तरायण होने और मकर राशि में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यह पर्व ज्योतिषीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसे ऋतु परिवर्तन का प्रतीक माना जाता है। मकर संक्रांति जीवन में प्रकाश, सकारात्मकता, और सामूहिक सौहार्द्र का संदेश देता है। यह हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने और दान, परोपकार, और समर्पण का महत्व सिखाता है।

रामघाट में लगा भव्य मड़ई मेला

जिले मुख्यालय से कुछ दूरी पर स्थित ऐतिहासिक महत्व के रामकुही रामघाट में भव्य मड़ई मेला लगा, बताया गया कि रामघाट में सैकड़ों वर्ष से मकर संक्रांति पर्व के अवसर मड़ई मेला आयोजित होता रहा है जो अभी तक परंपरागत रूप से जारी हैं। मकर संक्रांति पर्व पर जिला मुख्यालय से ज्यादा भीड़ रामघाट में होती है, यहां दूरदराज से ग्रामीण जन पहुंच कर पर्व का आनंद उठाते हैं, मड़ई में जरूरतमंद लोग उपयोगी वस्तुओं की जमकर खरीदी करते है। बच्चों के मनोरंजन के लिए खिलौना के सैकड़ों दुकान खुले रहे, बच्चों ने मिकी माउस, कार झूला झूलते हुए आनंद उठाया।

मालपुर, कोषमघाट व कुटरई घाट में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

शहपुरा क्षेत्र मां नर्मदा घाट मालपुर और कोषमघाट, व कुटरई घाट में मकर संक्रांति के अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी लगाकर पूजन अर्चन की। मालपुर, कोसम घाट, कुटरई संगम में भरा मेला,मकर संक्रांति के अवसर पर कन्हैया संगम मालपुर में भरे मेले में लोगों ने बड़े ही उत्साह और भक्ति के साथ स्नान कर मकर संक्रांति का त्योहार मनाया। इस अवसर पर कन्हैया संगम घाट मालपुर में एक बड़ा मेला भरा, जहां लोगों ने स्नान किया, पूजा-पाठ किया और अपने परिवार के साथ मिलकर भोज का आनंद लिया।मकर संक्रांति के अवसर पर नर्मदा जी के दर्शन व स्नान करना बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है, और कन्हैया संगम मालपुर में लोगों ने इसे बहुत ही धूमधाम से मनाया। यहां पर लोगों ने अपने घरों को सजाया, पारंपरिक व्यंजन बनाए और अपने परिवार के साथ मिलकर त्योहार का आनंद लिया।देशभर में हजारों श्रद्धालु मकर संक्रांति मनाने के लिए एकत्र हुए। यह पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश और उत्तरायण की शुरुआत का प्रतीक है। मालपुर से लेकर मां नर्मदा तटों में श्रद्धालुओं ने ठंड के बावजूद पवित्र स्नान और पूजा-अर्चना की जा रही है।सभी अन्य घाटों पर पारंपरिक रीति-रिवाजों में शामिल होने वाली बड़ी भीड़ देखी गई, जिसमें ठंड के बावजूद बच्चों सहित परिवारों ने उत्साहपूर्वक मकर संक्रांति के पावन अवसर पर देश के कोने-कोने से श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा घाट में डुबकी लगाई। इस मौके पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई।

आनन्द उत्सव का हुआ शुभारंभ

14 जनवरी 2025 को मकर संक्रांति के पावन पर्व अवसर पर आनन्द उत्सव का शुभारंभ देवरा कलस्टर में ग्राम पंचायत डांडविदयपुर ग्राम मुड़की में किया गया। मकर संक्रांति सूर्य के उत्तरायन होने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, इस अवसर पर सामूहिक सहभागिता बढ़ाने के लिए शासन के निर्देशानुसार जिले की सभी पंचायतों में आनंद उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्रीय कला और संस्कृति पर केंद्रित विभिन्न खेलों का आयोजन किया जाना है, इसी क्रम में आज में ग्राम पंचायत डांड विदेयपुर देवरा देवरी एवं पड़रिया माल सम्मिलित ग्राम पंचायत के सभी ग्राम वासियों की सहभागिता रही है। आयोजन का उद्देश्य नागरिकों में भागीदारी को बढ़ाने के साथ ही व्यस्त जीवन से कुछ समय आनंद मनाने के लिए सुनिश्चित करवाना रहा,जिसमें सभी सचिव, जीआरएस,मोबिलाइजर एवं क्षेत्रीय जनपद सदस्य, क्षेत्रीय पंचायत समन्वय अधिकारी की उपस्थिति में आज का कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपादित किया गया,आज के इस आनन्द उत्सव में सबसे पहले बच्चों को बोरा दौड़, महिलाओं को कुर्सी दौड़, रस्साकस्सी, जलेबी दौड़ एवं पुरुष वर्ग में भी रस्साकस्सी, जलेबी दौड़ एवं जलेबी दौड़ का आनंद लिया गया। सभी आयोजित खेल सहभागिता और सामंजस्य को बढ़ावा देते है, जिसमें लोगों ने बिना किसी चिंता और फ़क्रि के बढ़ चढ़ का भाग लिया।

जगह जगह लगे मेला मंडई

मकर संक्रांति पर्व पर जिले भर अलग अलग जगहों पर मेला मंडई आयोजित कर उत्सव मनाया गया, नर्मदा नदी में चंदन घाट, रामघाट, मालपुर, जोगी टिकरिया, कोसमघाट, सहित हल्दी करेली, बिहर, डागोना कन्हारी सहित सैकड़ों स्थलों पर पारंपरिक मड़ई मेला आयोजित किया गया।

खबर संक्षेप

वालीबॉल प्रतियोगिता का सैलवार में शुभारंभ

डिंडोरी। करंजिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सैलवार में बस स्टैंड के पास बजाग जाने वाले मार्ग में खाली मैदान पर क्षेत्रीय वालीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मंगलवार से नियमानुसार कर दिया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद कांग्रेसी नेता असलम खान और विशिष्ट अतिथि जीआरएस मदन नागवंशी ने विधिवत फीता काट सर्विस देकर खेल की शुरुआत कराई। उद्घाटन में बचटोला और रहटा पकरी की टीम के बीच मैच खेला गया जिसमें रहटा की टीम विजयी रही। इस दौरान समिति अध्यक्ष लालू धुर्वे, समिति उपाध्यक्ष अरमान खान, नंदकुमार सुल्तान खान, राजकुमार, कुमार सिंह, शरीफ खान, धूप सिंह, अमराज सिंह धुर्वे, अंशुमान सिंह, नवल सिंह, तूल सिंह, विनोद यादव, नीरज धार्या ,राजकुमार, सुखसेन सिंह, अमर सिंह, महेश सिंह, दमारी लाल, रमजू खान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहें।

आस्था के केन्द्र कन्हैया संगम मालपुर में ग्राम पंचायत की खुली लूट

डिंडोरी शहपुरा। डिंडोरी जिला के शहपुरा क्षेत्र में 14 जनवरी को लोहड़ी पर्व मकर संक्रांति मनाने के लिए मां नर्मदा कन्हैया संगम मालपुर घाट पहुँच रहे श्रद्धालुओं से नाका कर के रूप में मनमानी ढंग से लोगों से बसूल रहे सौ रुपए,सोसल मीडिया में ट्रोल नाका मैं मनमानी वसूली गई रसीद की फोटो सोशल मीडिया में वायरल की, साथ ही मेले के टोल नाका में वाहनों से वसूले जा रहे रसीद में कोई रसीद नंबर अंकित नही है मनमानी ढंग से चार पहिया वाहनों से 100 और दो पहिया वाहनों से 50 वसूले जा रहे हैं।प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कन्हैया संगम मालपुर में मेले का आयोजन मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर किया गया है यह पर पंचायत के द्वारा मेले की नीलामी की गई है जिसमे बाजार ,मेला ग्राऊंड और प्रवेश नाका की नीलामी की गई है ,जिसमे प्रवेश नाका का शुल्क 100 रुपए रखा गया है मालपुर संगम घाट पहुचने वाले श्रद्धालु अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहे है चुकि पंचायत इतना अधिक कर बसूल रही है जो कि पूरे मध्य प्रदेश में कही भी नही होगा। वही इस मामले में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राममिलन रावत से बात की गई तो उन्होंने पूरे मामले को तत्काल दिखवाने की बात कही। वही इस मामले को लेकर लोग सोसल मीडिया में मालपुर की अव्यवस्था को लेकर ट्रोल कर रहे है।

मकर संक्रांति पर्व पर पर बसेड़िया ने दिया शिक्षा का संदेश

गाडरवारा। समाज सेवा में सदा ही तत्पर देखे जाने वाले नगर के समाजसेवी मुकेश बसेड़िया को लगातार लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने में भी कोई कसर नही छोडी जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस मकर संक्रांति के अवसर पर भी देखने मिली। जब लोग अपने घरों में लड्डूयों का स्वाद लेने में मग्न नजर आ रहे थें तो बसेड़िया द्वारा इस पर्व को शिक्षा के लिये मानते हुये लोगों को जागरूक करते हुये देखा गया। बताया जाता है कि मुकेश बसेड़िया ने मकर सक्रांति के पावन पर्व पर माँ नर्मदाजी के तट पर पहुंचने के बाद जहां नर्मदाजी का पूजन अर्चन करने के साथ ही शिक्षा से वंचित बेटा बेटी के शिक्षा के प्रोत्साहन हेतु एक डुबकी शिक्षा के नाम एक अभियान चलाया गया। बताया जाता है कि इस मौके पर उन्होंने सर्वप्रथम माँ रेवा का पूजन अर्चन कर देवी स्वरूप बेटियों के पैर पखारकर उनका पूजन करते हुये उन्हें शिक्षण सामग्री के साथ साथ आकर्षक स्कूल बैग व वस्त्र प्रदान करते हुये स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया तथा नर्मदा तट पर उपस्थित बेटियों व अभिभावको से अपनी बेटियों को पढ़ाने की अपील करते हुये वृद्धजनो को कंबल प्रदान कर उनका आशीर्वाद लिया गया। ज्ञात हो कि मुकेश बसेड़िया विगत कई सालों से पीड़ित मानवता की सेवा, निराश्रित व असहाय जनो की सेवा की सेवा के साथ साथ बेटियों के सम्मान व शिक्षा पर विशेष कार्य कर रहे है।

सड़क हादसे घायल बछड़े के टूटे पैर का ईलाज करवाने ले जाया गया हरियाणा

पशु प्रेमी अमित रजक की सराहनीय पहल

शहपुरा - डिंडोरी जिला के शहपुरा क्षेत्र में अमित कुमार रजक को पशु प्रेमी एवं एक समाजसेवी के रूप में जाना जाता हैं,लगातार कई वर्षों से इनके द्वारा पशुओं के प्रति प्रेम और स्नेह को देखा जा सकता है,डिंडोरी जिला इनके द्वारा लगातार पशु सेवा का काम कर रहे हैं और उनकी कई ऐसी सराहनीय पहल देखे जा सकते हैं इस पशु प्रेमी अमित रजक को पिछले वर्ष डिंडोरी में इस पहल को देखते हुए डिंडोरी कलेक्टर ने भी सम्मानित किए थे। अमित रजक शहपुरा नगर के ही रहवासी हैं और उनकी यह सराहनीय पहल जो कहे वह कम है, पशु प्रेमी अमित कुमार रजक कहीं से भी क्षेत्र में कोई भी पशु कि चोटिल होने की खबर मिलते ही तत्काल अमित रजक मौके पर पहुंच जाते हैं और स्वयं ही उसको ट्रीटमेंट या उपचार देने की काम खुद करने लगते हैं आज इस पशु प्रेमी के द्वारा पशु प्रेमियों को जागरूक करने का काम किया जाता है आज एक बहुत बड़ा सराहनी पहला फिर अमित रजक सहित उसकी टीम जिसमें राजा अग्रवाल यीशु गुप्ता के द्वारा किया जा रहा है इन पशु प्रेमियों ने एक घायल अवस्था में बछड़ा कृष्णा जो कि सड़क दुघर्टना में पैर टूट गया था, जिसकी इलाज के लिए हरियाणा के जाने-माने गौ सेवा धाम देवी चित्रलेखा गौ सेवा धाम में ले जाया गया।

घायल बछड़ा कृष्णा जो शहपुरा नगर में सड़क हादसे पर उसके एक पर टूट जाने की वजह से पैर काम करना बंद कर दिया था जिसको लेकर पशु प्रेमी अमित रजक ने जबलपुर द्वारा पशु चिकित्सालय में भी उस बछड़े का उपचार कराया गया था लेकिन उसके बावजूद वह ठीक नहीं हो सका। फिर 11 जनवरी दिन शनिवार को अमित रजक व उसकी टीम द्वारा एक कार वाहन पर अपने खर्चे से हरियाणा के देवी चित्रलेखा गौ सेवा धाम बछड़ा कृष्णा को उपचार के लिए ले जाया गया , अब बछड़ा कृष्ण का उपचार गौ सेवा धाम में चल रहा है।

रमपुरी में एक दिवसीय मैया अभियान शिविर संपन्न

डिंडोरी ।

मकर संक्रांति की सुअवसर पर जन अभियान परिषद अमरपुर द्वारा जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान एवं विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे के मार्गदर्शन में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत बीएसडब्ल्यू. एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं को कोर्स के माध्यम से क्षेत्रीय अध्ययन भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय मैया अभियान शिविर का आयोजन हर हर घाट धर्मशाला रमपुरी में आयोजित की गई। जिसमें नर्मदा स्वच्छता के विषयों पर संवाद की गई। जिसमें साबुन, डिटर्जेंट पाउडर शैंपू , प्लास्टिक, मुंडन बाल, हवन सामग्री, नारियल के टुकड़े, लोहे एवं कांसे के सिक्के को नर्मदा में विसर्जित न करने तथा जल को शुद्ध एवं जल स्तर बढ़ाने हेतु वृक्षारोपण करने इत्यादि विषयों पर छात्रों को अवगत कराया गया। इसके साथ ही मेले में रैली के माध्यम से नर्मदा स्वच्छता के विषय पर लोगों को नर्मदा स्वच्छता संदेश दी गई और घाट में फैले कचरे की साफ सफाई कर लोगों को जागरूक कराया गया। आयोजित कार्यक्रम के अंत में सहभोज का आयोजन किया गया तथा शिविर में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को नवांकुर संस्था रेवांचल शिक्षा समिति अमरपुर द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान की गई। इस पूरे कार्यक्रम में ब्लॉक के समस्त नवांकुर संस्थाओं में बाल विकास विद्या मंदिर, रेवांचल शिक्षा समिति, वीर शंकर शाह समग्र ग्राम विकास समिति, जीव दया एवं पर्यावरण संरक्षण समिति तथा उत्थान सेवा संस्थान अमरपुर के समस्त संस्थाओं से धोबी सिंह परस्ते, गणेश केवर्थ, राकेश कुमार मरावी, श्याम सिंह धुर्वे, अरविंद कुमार यादव अशोक कुमार यादव, राधेश्याम बनवासी, तिलक सिंह सैयाम, लाल सिंह ठाकुर, मनोज तंतुवाय तथा प्रेस हअचे के कार्यकर्ता तथा बीएसडब्ल्यू एमएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राएं एवं क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अवैध शराब परिवहन पर पुलिस की कार्यवाही

गाडासरई। पुलिस थाना गाडासरई ने रविवार रात अवैध शराब को दो पहिये वाहन से परिवहन करते पाये 02 युवको को रंगे हाथ धर दबोचा और उनके पास से काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब को जप्त कर लिया। वही पुलिस ने तस्कर दो पहिया वाहन भी जप्त किया हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार डिण्डौरी पुलिस कप्तान श्रीमर्ता वाहनी सिंह द्वारा जिले के थाना क्षेत्र मे अवैध गतिविधियो पर अंकुश लगाने हेतु जिले के समस्त थाना प्रभारियो को पूर्व मे निर्देशित किया गया था जिसके पालन में सम्पूर्ण जिले में लगातार अवैध गतिविधियो पर ताबडतोड़ कार्यवाही जारी हैं। उसी तारतम्य मे दिनांक 12/01/2025 रात रविवार को श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री जगन्नाथ मरकाम एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) महोदय डिण्डौरी श्री के0 के0 त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना गाडासरई पुलिस के द्वारा खास मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुये दो आरोपियों को दो पहिया वाहन के साथ 44550/- रूपये कीमती की 59.400 लीटर अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया हैं। प्राप्त जानकारीनुसार पुलिस थाना गाडासरई को मुखबिर से शराब तस्कर के राजेन्द्रग्राम जिला अनूपपुर तरफ से मोटर सायकल में शराब को रखकर, अवैध रूप से विक्रय हेतु मझियाखार व बायपास रोड होते हुये बरगांव तरफ जा रहा हैं। जानकारी मिलते ही गाडासरई पुलिस अलर्ट मोड मे आकर तत्काल बायपास बरगांव तिराहा मे साथी स्टाफ व गवाहो के मदद से नाकाबंदी कर, प्राप्त सूचना अनुसार राजेन्द्रग्राम जिला अनूपपुर तरफ से आ रहे दो पहिया वाहन CG10AL5429 को रोकने का प्रयास किया गया, किंतु वाहन पर सवार दो व्यक्ति पुलिस को चकमा देने वाहन को न रोकते हुये पुलिस से बचकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर धर-पकड पूछताछ कर वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुये चेक किया गया तो आरोपी के हीरो एचएफडीलक्स मोटर सायकल मे रखे तीन बोरी मे से कुल 44550/- रूपये कीमती की 59.400 लीटर अंग्रेजी शराब को बरामद किया गया। जो मोटर सायकल चालक आरोपी कृष्ण परस्ते पिता फुंदी सिंह परस्ते उम्र 25 साल निवासी पकरी थाना करंजिया उसी मोटर सायकल में पीछे शराब की बीरियों को पकड के बैठे रामप्रसाद सैयाम पिता परमू सिंह सैयाम उम्र 35 साल निवासी पीपरखुट्टा थाना करंजिया जिला डिण्डौरी के द्वारा अवैध रूप से शराब को विक्रय हेतु परिवहन करते पाये जाने पर गाडासरई पुलिस के द्वारा आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध क्रमांक 21/2025 पंजीबध्द कर आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय डिण्डौरी पेश किया गया। इस कार्यवाही मे पुलिस थाना गाडासरई प्रभारी निरीक्षक गिरवर सिंह उइके, साथी स्टाफ उनि ध्रुव कुमार सिंह, सउनि बालमुकुंद चौरसिया, सउनि अनिल उसराठे, प्रआर 128 शंकरलाल, प्रआर0 84 शिवपुशाम, प्रआर0 81 हरनाम परते, प्रआर0 12 रविन्द्र यादव, प्रआर 206 सिध्दू सिंह, आर 352 आशीष लांजेवार, आर 388 सतेन्द्र, आर 417 राजा, आर 21 धनंजय, आर 93 मुकेश, आर 42 विनोद,आर0 224 शैलेन्द्र लोधी, व गौ0सैनिक बुधराम मौलिया, ग्रा.र.स. सुभाष मरावी व बब्लू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

डबल ट्राली लगाकर दौड रहे ट्रेक्टर ट्रालियों को लेकर प्रशासन चुप्पी बजा रही खतरे की घंटी

गाडरवारा। समीपस्थ ग्राम आंडेगांव कला निवासी शैलेन्द्र रजक एवं राकेश ठाकुर जो सालीचौका बाजार करने के बाद अपने घर लौट रहे थें। उसी दौरान स्टैट हाइवे मार्ग क्रमांक 22 पौडार चौराहा के पास सीमेन्ट सड़क पर डबल ट्राली वाला गन्ना ट्राला खड़ा हुआ था। शाम होने के चलते इन मोटर साईकिल चालको को ट्रेक्टर में लगी हुई डबल ट्राली समझ नही आई और दोनों मोटर साईकिल चालक उससे टकरा जाने के कारण गंभीर रूप से घायल होने से नही बच पाये। इस तरह घटित हुई घटना में घायलों को मौजूद लोगों के माध्यम से शासन 108 सेवा के माध्यम से स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया। इस तरह घटित हुई दिल दहला देने वाली घटना को लेकर लोगों में आक्रोश छाने के चलते लोगों द्वारा एक ट्रेक्टर में डबल ट्राली लगाकर संचालन किये जाने पर रोक लगाये जाने की मांग की जा रही है। क्योंकि इस समय क्षेत्र की सड़को पर बाहर से गन्ना की ढुलाई करने के लिये आये हुये लोगों द्वारा जिस प्रकार से अपने स्वार्थ व डीजल बचाने के चक्कर में यातायात नियमों के विपरित एक ट्रेक्टर में दो दो डाली लेकर सड़को पर धमाचौकड़ी मचाते हुये देखे जाने के बाद भी क्षेत्र से लेकर जिले के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा सच्चाई को नजर अंदाज किया जा रहा है तो सबाल यह पैदा होने से नही चूक रहा है कि आखिरकार अधिकारियों की निंद्रा इस तरह कितने लोगों की बलि लेने के बाद भंग होगी।

मकर संक्रांति के चलते शहर सहित क्षेत्र में लहराया आस्था का महासागर, तिल दान करते हुये लोगों ने लिया पुण्य लाभ, नर्मदा तटों पर तटों पर हजारों लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। ग्रहों के राजा सूर्यदेव की अगवानी का महापर्व मकर संक्राति हर वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता रहा है । इसी के चलते कल मंगलवार 14 जनवरी को परम्परागत होने के चलते नर्मदा स्नान करने वालों की भीड़ लगी रही। मकर संक्रांति पर्व के दौरान पूरे दिन मकर संक्रांति का पर्व रहने से दिन भर नर्मदा तटों पर भीड़ का आलम बना रहा और हजारों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाते हुये पूजन अर्चन किया गया। इस प्रकार से इस वर्ष सक्रांति पर्व मंगलवार के दिन पड़ने के चलते जहां इस पर्व को शहर और क्षेत्र के गांवो में आस्था के माहौल में मनाया गया। इस शुभ अवसर पर क्षेत्र में आस्था, धर्म के प्रति श्रद्धा का महासागर लहराता हुआ प्रतीत हो रहा था। मकर संक्राति पर्व मंगलवार को होने की स्थिति में उसका धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाने के कारण क्षेत्र के नर्मदा तटों पर लोगों ने पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हुये माँ नर्मदा का पूजन अर्चन किया गया जिसके चलते दिन भर माँ नर्मदा जी के तटों पर भीड़ भाड़ का आलम देखने मिला तो इसी प्रकार का हाल आज भी देखने मिलेगा। क्योकि बीते हुये कुछ सालों से कोरोना महामारी की दहशत लोगों के दिलों में इस तरह समाई हुई थी कि वह आज भी भीड़ के बीच पहुंचने के पहले सोचने के लिये मजबूर हो जाते है। मगर इस वर्ष लोगों के दिलों की दहशत समाप्त होने तथा तेज ठंड की परवाह न करते हुये पूर्ण शांति रहने के चलते लोगों का दिन भर नर्मदा तटों पर भीड़ का आलम बना रहा। इस तरह मेले के आयोजन का लेकर जहां नर्मदा तटो पर प्रशासन के अधिकारियों के पैनी नजर रही और क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों से लेकर उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित समीपस्थ थाना सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाठक व पलोहा थाना प्रभारी अनिल भगत के साथ साथ सिहोरा चौकी प्रभारी संतोष राजपूत अपने अपने क्षेत्र के नर्मदा तटों पर लगातार भ्रमण करते हुये देखे गये। इसी का परिणाम है कि इस वर्ष क्षेत्र के मकर संक्राति के मौके पर कही से भी कोई अप्रिय घटना की जानकारी नही मिली है। ज्ञात हो कि बीते हुये लगातार कुछ वर्ष पहले जिस प्रकार गाडरवारा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले लिंगा खुर्द नर्मदा घाट पर डूबने की घटनाये सामने आ रही थी इस बात को पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुये इस वर्ष इस घाट पर विशेष नजर रखते हुये चौकसी रखी गई है। इस तरह देखने मिला कि मकर सक्रांति के मौके पर नर्मदा तटों पर जहां दिन भर बाटी भर्ता के आयोजन चलते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर क्षेत्र के कोठिया, शोकलपुर व झिकोली घाट पर जहां क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर माँ नर्मदाजी के स्नान करते हुये पूजन किया यही हाल आज भी देखने मिलेगा। मगर वही नर्मदा के अनेक तटों पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिये किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नही किये जाने के कारण लोगों को अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझते हुये देखा गया? बताया जाता है कि मकर संक्राति से शिशिर ऋतु की समाप्ति तथा बसंत ऋतु के आगमन की आहट मिलने से वातावरण काफी खुशनुमा माना जाता है, जिसके चलते कल मंगलवार की सुबह से ही नगर में लोगों के घरों में संक्राति पर्व मनाने की हलचले शुरू हो गयी थी तथा ईश्वर की पूजा, अर्चना करने के बाद लोगों द्वारा दान पुण्य का सिलसिला शुरू हो गया था। क्योंकि मकर संक्राति का पर्व आज भी होने के चलते लोगों ने घरों में संक्राति पर्व पर बने गुड़ के व्यंजन, दाल बाटी खाकर युवा, बच्चे आनंदित होते हुये देखे गये तथा नगर के मंदिरो में भी दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ देखने मिला। सुबह 10 बजे लोगों ने क्षेत्र के मॉ नर्मदा घाटो पर पहुँचकर हजारो श्रद्धालुओं ने माँ नर्मदा जी में स्नान करने बाद पंडितो को दान देने के साथ ही दाल बाटी खाने का सुख प्राप्त करते हुए मॉ नर्मदा से जय घोष से रेवा तटों को गुंजायमान कर दिया। वही दूसरी ओर मकर संक्राति की शुभ बेला में डमरूघाटी के शिवधाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी देखी गयी। इस तरह मकर संक्राति के दौरान नर्मदाजी के घाटो में दाल बाटी, अगरबात्तियों, नारियलों की महक मॉ नर्मदा की लहरो में घुल रही मालूम पड़ रही थी और चहुँओर खुशियों का माहौल देखने में आ रहा था। वही ज्योतिषाचार्यो ने हरिभूमि को बताया कि मकर संक्राति से सूर्य की कांति में परिवर्तन शुरू हो गया है, वे दक्षिण से उत्तर दिशा की ओर अभिमुख हो गए है, उत्तरायण से अब राते छोटी और दिन बड़े होने लगगें। इस मौके पर जहां क्षेत्र के नर्मदा तटो पर भीड़ का आलम देखने मिला वही दूसरी ओर इस मौके पर वाहन चालको द्वारा अपनी चांदी काटने के चक्कर में जहां वाहनों को ओवर लोडिंग सबारी भरते हुए आम लोगों की जिन्दगी के साथ खुला खिलबाड़ भी किया। इस बात की सच्चाई क्षेत्र के अनेक मार्गो पर देखने मिली, जहां पर दौड़ रही मैजिंक गाड़ियों से लेकर आटो में इनती सबारी भरी हुई थी कि लोग उनमें बैठने की जगह लूमते हुये देखे जा रहे थें। कुछ इसी प्रकार का हाल ट्रेक्टर ट्रालियों का देखने मिल रहा था।

श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गत दिवस मकर संक्रांति पर लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा मां नर्मदा में डुबकी लगाई। मकार संक्रांति की पावन पर्व पर धार्मिक नीति नियमों के अनुसार मकर संक्रांति पर सूर्य मकर राशि मे प्रवेश करता है और शुभ मुहूर्त पर मां नर्मदा मे डुबकी लगाने से कष्टों से मुक्ति मिलती है। माना जाता है कि पवित्र नदियों मे स्नान कर तिल का दान करने से संकटों से छुटकारा मिलता है इसी क्रम में मंगलवार को लाखों की संख्या मे भक्तों से मां नर्मदा के विभिन्न घाटों पर पहुंचकर डुबकी लगाकर कल्याण की कामना की तथा मेले का लुफ्त उठाया। वहीं जिले के कुछ श्रद्धालु शाही स्नान करने के लिये प्रयागराज कुंभ पहुंचे।

मकर संक्रांति पर मां नर्मदा के किनारे बने सभी मंदिरों सहित सभी मंदिरों मे विशेष साज सज्जा की गई तथा मंदिरों मे भक्तों की भीड़ अनवरत बनी रही। भक्तों द्वारा मंदिरों मे विविध पकवानों का भेग अर्पित कर अपनी कामना रखी। वही मकरसंक्रांति पर्व पर पावनपतित मां नर्मदा नदी में स्नान करने जिले के प्रमुख नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। सर्वाधिक भीड़ बरमान के रेताघाट, सीढ़ीघाट एवं सतधारा पर रही। इसके अलावा झांसीघाट, सांकलघाट, चिनकी व समनापुर घाट, झिकौली घाट में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। यहां उन्होंने पावन स्नान के बाद पूजा पाठ के साथ अन्न दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

मकर संक्रांति के पर नगर के झिरना क्षेत्र मे दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। आयोजन समिति द्वारा बताया कि बीते कई वर्षो से मकर संक्राति पर मेले का आयोजन किया जाता था इसी क्रम में इस वर्ष भी दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। जिसमे लोगो द्वारा जमकर खरीददारी कर मेले का आनंद लिया। वही मेले मे लगे झूलों पर अनवरत भीड़ बनी रही। वही नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा मेले का भरपूर आनंद लिया। मकर संक्रांति पर जिले व प्रदेश के बरमान मेले का भी लोगों द्वारा आनंद लिया गया। ज्ञात हो कि बरमान घाट मे लगने वाले मेले मे लोग कई जिलों से आते है।मकर संक्रांति के पावन अवसर पर भगवान सूर्य के उत्तरायण होने के साथ प्रकृति में होने वाली सनातन परंपरा के अनुरूप मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर बालक एवं बालिकाओं के द्वारा पतंग उड़ाओ महोत्सव एवं मकर संक्रांति मिलन समारोह का आयोजन तिलक शाला मैदान रिपटापार उद्योग नगरी मोहनलाल कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें बच्चों ने आसमान में पतंग उड़ाई तथा बच्चों ने गानों की धुन पर नाच गाना किया। इस पतंग प्रतियोगिता में करीब 50- 60 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद महा प्रसादी सनातनी खिचड़ी का वितरण एवं पुरुस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में आयोजन समिति से मोहनलाल साहू, नीरज साहू, इंजीनियर पंकज साहू,सोनू यादव, मोहित सोनी ,आरती रारोलिया, निधि कुशवाहा का विशेष सहयोग रहा।

पीजी कॉलेज के तीन छात्रों का विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम में चयन

नरसिंहपुर। खेलकूद कलैंडर अनुसार मंडल कॉलेज द्वारा 14 और 15 दिसंबर को संभाग स्तरीय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया था। क्रीड़ा अधिकारी अर्पित सक्सेना द्वारा बताया गया कि प्रतियोगिता उपरांत चयन प्रक्रिया की गई इसके उपरांत विश्वविद्यालय टीम का गठन किया गया। इस टीम में पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के तीन छात्रों ने अपनी जगह बनाई प्रखर प्रकाश यादव, गौरव शर्मा, यश चंद्पुरिया तीनों ही छात्र कोटा यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं पहला मैच रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर और कच्छ यूनिवर्सिटी गुजरात के मध्य खेला गया जिसमें प्रखर प्रकाश यादव द्वारा शानदार 35 गेंद में 66 रनों की पारी खेली जिसकी बदौलत रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय अपना पहला मैच जीतने में कामयाब रही तीनों खिलाड़ियों के सलेक्शन एवं प्रखर यादव की उपलब्धि पर शुभचिंतकों व मित्रों ने बधाई प्रेषित की है।

थाना ठेमी: एक देशी पिस्टल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

गोटेगांव । थाना ठेमी पुलिस को बड़ी सफलता, एक देशी पिस्टल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

जिले में आसमाजिक तत्वों एवं आसमाजिक गतिविधियों पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में नाकाबंदी की जावे साथ ही सर्चिंग अभियान चलाया जाकर संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध कारोबारियों की धरपकड़ की जा रही है। मामला थाना ठेमी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए घेराबंदी कर आरोपी अजय पटेल पिता प्रीतम पटेल, उम्र 22 साल निवासी ग्राम सिमरी के कब्जे से एक लोहे की देशी पिस्टल रखे हुये मिला जो उक्त पिस्टल जिसे जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया व आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 26/2025 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट पंजीवद्ध कर उक्त आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।आरोपी की गिरफ्तारी में इनकी रही मुख्य भूमिका :- उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक अरूण रजक, आरक्षक दीपक राय, आरक्षक शिवदीप बघेल, आरक्षक रजीत राजपूत की मुख्य भूमिका रही।

मुंगवानी पुलिस ने अपृहत 15 वर्षीय नाबालिक बालिका को खोजा

गोटेगांव। तहसील के थाना मुगवानी के अंतर्गत अपहृत नाबालिग बालिकाओं के प्रकरणों की समीक्षा उपरान्त नाबालिग बालिकाओं की पतासाजी कर दस्तयाव करने हेतु "आपरेशन मुस्कान के तहत अपृहत 15 वर्षीय नाबालिक बालिका को 12 घंटे के अंदर बरामद किया गया प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गयी कि उसकी15 वर्षीय नाबालिक बालिका बिना बताये कही चली गयी है,जिसके संबंध में जानकारी एकत्रित करने पर उसका कही पता नही चला संभवतः कोई अज्ञात व्यक्ति उसको बहला फुसलाकर ले गया है। सूचना तत्काल थाना मुंगवानी में अपराध क्रमांक 16/25 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर अपृहता की तलाश हेतु जानकारियां एकत्रित की गयी जिसके परिणाम स्वरूप जानकारी प्राप्त हुयी कि अपृहता वर्तमान में ग्राम कुडारी, आदेगांव जिला सिवनी में है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ग्राम कुडारी रवाना हुयी जहां अपृहता को 12 घंटे के अंदर सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुयी।इनकी रही मुख्य भूमिका अपर्हता नावालिक वालिका की दस्तयावी में थाना प्रभारी मुंगवानी अनिल तिवारी, प्रधान आरक्षक कीरत विश्कर्मा, आरक्षक ओम प्रकाश, आरक्षक इमरत, आरक्षक लोकेश की मुख्य भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारियो को नगद पुरुस्कार से पुरष्कृत करने की घोषणा की गयी है।

श्रद्धालुओं ने नर्मदा में लगाई आस्था और पर्व की डुबकी

तेंदूखेड़ा । मकर संक्रांति पर पुण्य सलिला मां नर्मदा में डुबकी लगाने का विशेष ही महत्व है।जिसे लेकर तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विभिन्न नर्मदा घाटों पर पहुंच कर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाते हुए पर्व विशेष का लाभ लेते हुए पुण्य अर्जित किया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्थानीय तटों पर पहुंचे स्नान कर पूजन अर्चन किया। चूंकि एक दिन पूर्व सोमवती पूर्णिमा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचे थे।साथ ही पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तटों पर मेलों का आयोजन किया गया है।इसी श्रंखला के चलते भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रम्हांड घाट बरमान में मकरसंक्रांति से लगने वाले 15 दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। वहीं तेंदूखेड़ा के अंतर्गत ककरा घाट बिल्थारी बारह सिमरिया छत्तरपुर घाट करोंदी शोकलपुर घाटों पर भी मेलों का आयोजन किया गया है। इन घाटों पर भी क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने सपरिवार पहुंच कर स्नान कर पूजन अर्चन किया तथा मेले में आनंद लुत्फ उठाया।

मृगन्नाथ धाम में मेले का आयोजन

ग्राम पीपरवानी पान की सुंदर सदाबहार वनों की सुगम्य पहाड़ी धरातल से लगभग 1700 फुट ऊंची पहाड़ी पर स्थित प्राचीन सिद्ध स्थल मृगन्नाथ धाम में भी परम्परागत मेले का आयोजन किया गया यहां पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। भगवान मृगन्नाथ जी के दरबार के सामने विशाल जल कुंड स्थित है जिसमें अंबोक पानी भरा हुआ है श्रद्धालु इस कुंड के जल से स्नान किया करते हैं। आगामी 30जनवरी से यहां पर सीताराम महायज्ञ का आयोजन भी किया जायेगा।

बरमान मेले में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

पुण्य सलिला मां नर्मदा के पावन तट पर लगने वाले 15 दिवसीय मेले का 12 जनवरी को विधिवत शुभारंभ हो चुका है।मेले में पहुंचने वाले दर्शकों और स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं।जिन तिथियों पर अधिक भीड़ भाड़ रहती है उन तिथियों पर तैराकों की ड्यूटी लगाई गई है। नर्मदा घाट के दोनों तरफ होमगार्ड एस डी ईआर एफ बचाव दल को 5 फरवरी तक तैनात किया गया है।जो मोटरबोट इंजन लाइफ जैकेट रिंग रस्सा एवं आवश्यक बचाव सामग्री के साथ मौजूद रहेंगे। बरमान के रेत घाट सीढ़ी घाट के अलावा सूरजकुंड सहित विभिन्न स्थानों पर बल तैनात रहेगा।

नहीं रहे श्याम लाल जैन

तेंदूखेड़ा। नगर के प्रतिष्ठित जैन समाज के एवं मुकेश जैन विलगुंवा वालों के पूज्य पिता श्री श्याम लाल जैन की अचानक हृदयगति रुक जाने से असमय दुखद निधन हो गया। श्याम लाल जी अपने दामाद की श्रंद्धाजलि कार्यक्रम में करेली गये हुये थे कि अचानक वहीं पर हृदयगति रुक जाने से निधन हो गया था जिन्हें तेंदूखेड़ा में अंतिम विदाई दी गई।

मेला हमारी परंपरा एवं लोक संस्कृति का प्रतीक पर्व: सरदार सिंह पटेल

गोटेगांव। विगत दिवस दिन मंगलवार को मकर संक्रांति के पर भरने वाले साकल मेला पहुंचकर सर्वप्रथम मां नर्मदा जी का आशीर्वाद लेने के पश्चात क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र नागेश एवं इंजीनियर सरदार सिंह पटेल ने मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया। मां नर्मदा किनारे सकल घाट मे विगत कई वर्षों से मेला लगता आ रहा है मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मां नर्मदा जी का पूजन अर्चन करने से श्रद्धालुओं को विशेष लाभ मिलता है उद्घाटन समारोह में विधायक महेन्द्र नागेश ने कहा कि मकर संक्रांति पूरे भारतवर्ष में बड़े ही श्रद्धा भाव से बनाई जाती है ऐसे आयोजन होने से भाईचारा बढ़ता है और लोगों को मेले से मनपसंद की वस्तुएं खरीद सकते हैं वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर सरदार सिंह पटेल ने कहा कि लोक परंपराओं लोक संस्कृति की पहचान है मेला ऐसे आयोजन होना बेहद जरूरी है जिससे समाज में एकता बनी रहती है आपका दिन बड़ा ही पुण्यशाली है जहां लोग मां नर्मदा जी का पूजन अर्चन करके मेले का आनंद लेते हैं इस मौके पर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश पटेल, जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दादूराम पटेल, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, जिला उपाध्यक्ष निधान सिंह पटेल, वरिष्ठ समाजसेवी एकम सिंह पटेल, ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव कार्यकर्ता ग्रामीण जन मौके पर उपस्थित रहे।

संविधान गौरव दिवस को लेकर भाजपा की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस भाजपा कार्यालय में हमारा संविधान हमारा गौरव विषय एवं अन्य आगामी कार्यक्रमों को लेकर मंडल अध्यक्षों व मंडल प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न हुई बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी व भोपाल सांसद आलोक शर्मा के मुख्य आतिथ्य में भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा की अध्यक्षता एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति मे सम्पन्न हुई । बैठक को संबोधित करते हुए आलोक शर्मा ने कहा कि आप सभी मंडल अध्यक्षों के ऊपर पार्टी के समस्त कार्यक्रमों को क्रियान्वित कराने की बड़ी जिम्मेदारी है अतः आप सभी पूरी लगन व मेहनत के साथ पार्टी कार्यक्रमों में जुटे उन्होने सभी नवनियुक्त मंडल अध्यक्षो को पार्टी की कार्यपद्धति से अवगत कराते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिये जिसके अंतर्गत संगोष्ठियों, भाषण, निबंध प्रतियोगिता, छात्रावासो व कालेजो में संपर्क, अनुसूचित वर्ग की बस्तीयों में घर घर संपर्क व सभा का आयोजन व दिनांक 25 जनवरी को प्रत्येक बूथ पर संविधान की प्रस्तावना का वाचन करना शामिल है उन्होने सभी मंडल अध्यक्षों को निर्देश देते हुए कहा कि आगामी 19 तारीख को मोदी जी की मन की बात का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसे सभी बूथो पर सुनना अनिवार्य है इसकी तैयारी में मंडल अध्यक्ष आज से ही जुट जावे। उन्होने उपस्थित मंडल अध्यक्षो से कहा कि वर्तमान में बूथ व मंडल स्तर तक की संगठन पर्व की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और जिलाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया चल रही है शीघ्र ही समस्त मंडल अध्यक्षों से ली गई रायशुमारी व वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श कर जिलाध्यक्ष के नाम की घोषणा संगठन पद्धति के अनुरूप की जावेगी। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि बैठक में जिले भर के 22 मंडलों के मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रतिनिधि व नगर मंडल में निवासरत जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

12 घंटे मे दस्तयाब की गई अपहृत 15 वर्षीय किशोरी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

बीते दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी निवासी पीड़ति द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि 15 वर्षीय किशोरी को कोई बहला फुसला कर कही ले गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई प्रारंभ की गई। जिसके तहत 12 घंटे में किशोरी को जिला सिवनी से दस्तयाब कर लिया गया। उल्लेखनीय है कि जिला अंतर्गत अपहृत नाबालिग बालिकाओं के प्रकरणों की समीक्षा उपरांत नाबालिग बालिकाओं की पतासाजी कर दस्तयाब करने हेतु ऑपरेशन मुस्कान चलाया जाकर जिला अंतर्गत अपहरण के प्रकरणों में कार्यवाही हेतु विशेष टीमों का गठन किया जाकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट दर्ज करायी गयी कि उसकी 15 वर्षीय नाबालिक बालिका बिना बताये कही चली गयी है, जिसके संबंध में जानकारी एकत्रित करने पर उसका कहीं पता नहीं चला संभवतः कोई अज्ञात व्यक्ति उसको बहला फुसलाकर ले गया है। सूचना तत्काल थाना मुंगवानी में अपराध क्रमांक 16/25 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर अपृहता की तलाश हेतु जानकारियां एकत्रित की गयी जिसके परिणाम स्वरूप जानकारी प्राप्त हुयी कि अपृहता वर्तमान में ग्राम कुड़ारी, आदेगांव जिला सिवनी में है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ग्राम कुडारी रवाना हुयी जहां अपृहता को 12 घंटे के अंदर सकुशल दस्तयाब करने में सफलता प्राप्त हुयी। नाबालिग बालिका की तलाश एवं पतासाजी में थाना प्रभारी मुंगवानी अनिल तिवारी, प्रधान आरक्षक कीरत विश्वकर्मा, आरक्षक ओम प्रकाश, आरक्षक इमरत, आरक्षक लोकेश की मुख्य भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा उक्त सभी अधिकारी एवं कर्मचारियो को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने की घोषणा की गयी है।

60 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस थाना क्षेत्र मुंगवानी पुलिस द्वारा अवैध शराब विक्रय पर कार्रवाई करते हुये। 60 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। मुखबिर के माध्यम से सूचना प्राप्त हुयी कि आरोपी भैया लाल ठाकुर पिता इत्तू ठाकुर, उम्र 40 वर्ष, निवासी गोरखपुर, थाना मुंगवानी द्वारा अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी की गयी जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी को अभिरक्षा में लेकर तलाशी ली गयी जिस पर उसके कब्जे से 60 लीटर अवैध कच्ची शराब मिलने पर उसके विरुद्ध थाना मुंगवानी में अपराध क्रमांक 18/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मुंगवानी अनिल तिवारी, प्रधान आरक्षक कीरत विश्वकर्मा, आरक्षक ओम प्रकाश, आरक्षक इमरत, आरक्षक लोकेश की मुख्य भूमिका रही है।

आनंद उत्सव का आयोजन आज से

नरसिंहपुर। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अनुसार नागरिकों की जिंदगी में आनंद का संचार करने के लिए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आनंद उत्सव का आयोजन 15 जनवरी से 28 जनवरी तक मनाया जायेगा। इसका उद्देश्य नागरिकों में सहभागिता एवं उत्सव को बढ़ाने के लिए समूह स्तर पर खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाना हैं। इस संबंध में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नरसिंहपुर ने आनंद उत्सव आयोजन के लिए जनपद पंचायत नरसिंहपुर के अंतर्गत आने वाली सभी ग्राम पंचायतों के सचिव व रोजगार सहायक को पंचायत स्तर का क्लस्टर तैयार कर भेजा गया है। क्लस्टर के अनुसार कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाना सुनिश्चित करेंगे एवं कार्यवाही से अवगत करायेंगे।

दो विकासखंड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने सीएम हेल्पलाइन और मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के कार्यों की समीक्षा की। बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी चीचली श्रीमती नीलम मरावी बिना किसी पूर्व सूचना व सक्षम अधिकारी की अनुमति के बगैर अनुपस्थित पाये जाने और ना ही व्हीसी के माध्यम से उपस्थित नहीं हुई। श्रीमती मरावी द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को ना ही दूरभाष के माध्यम से अथवा किसी अन्य माध्यम से अवगत कराया गया है, जिससे विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा नहीं की जा सकी। श्रीमती मरावी अपने मुख्यालय में निवासरत नहीं रहती है और ना ही अपने मुख्यालय में उपस्थित रहती हैं।इसी तरह विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोटेगांव सिद्धार्थ बागड़े अनुभाग स्तर पर आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में उपस्थित नहीं होते हैं। समय सीमा की बैठक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोटेगांव से संबंधित विभागीय कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें पाया गया कि एमपी टॉस्क अपार प्रोग्रेस की समीक्षा के दौरान कार्य की प्रगति अत्यंत असंतोषजनक पायी गई। इस पर कलेक्टर श्रीमती पटले ने दोनों बीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिले में गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने के संबंध में कलेक्टर श्रीमती पटले ने आयोजन से संबंधित अधिकारियों की बैठक ली और समय सीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया।